# भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

## (हिंदी कक्ष)

**<u>बैठक की कार्यसूची</u>**

(जनवरी-मार्च 2017) तिमाही विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की कार्यसूची निम्न प्रकार है:-

**पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा।**

1. निम्न सदस्य अनुपस्थित थे।

   1 डॉ. आर.पी. शर्मा, सहआचार्य

   2 श्रीमती कविता शर्मा, अनुभाग अधिकारी

2. निदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17 जनवरी 2017 को आयोजित बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया था। संबंधित अनुभागों द्वारा कार्यवृत्त के बिंदुओं पर निम्न प्रकार से अनुवर्ती कार्रवाई सूचित की गईः–

| क्र.सं. | कार्यवृत बिंदु | अनुवर्ती कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1 | वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार फाइलों पर 75 प्रतिशत हिंदी टिप्पणियों के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए फाइलों पर अधिकाधिक हिंदी टिप्पणियां लिखी जानी चाहिए।<br>**- सभी अनुभाग/विभाग** | संस्थान में तिमाही के दौरान फाइलों पर 75 प्रतिशत हिंदी टिप्पणियों के लक्ष्य को लगभग पूरा किया गया है। |
| 2 | सभी विभागों/अनुभागों की फाइलों पर शीर्षक द्विभाषी लिखे जाएं तथा सभी रजिस्टरों में हिंदी में प्रविष्टियां की जानी चाहिए।<br>**- सभी अनुभाग/विभाग** | सभी विभागों/अनुभागों में फाइलों के शीर्षक द्विभाषी लिखे जा रहे हैं एवं सभी रजिस्टरों में अधिकाधिक हिंदी में प्रविष्टियां की गई। |
| 3 | तिमाही रिपोर्ट तैयार करने के लिए सभी विभागों से निर्धारित अवधि में अर्थात तिमाही समाप्ति के अगले माह की 10 तारीख तक अद्यतन सूचना प्रस्तुत की जानी चाहिए।<br>**- सभी अनुभाग/विभाग** | सभी विभागों से निर्धारित अवधि में अद्यतन सूचना प्राप्त की गई। |
| 4 | मार्च 2017 तक हिंदी पुस्तकों की खरीद के लक्ष्य को पूरा किया जाए।<br>**- हिंदी कक्ष** | हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50 प्रतिशत राशि खर्च करने के लक्ष्य को पूरा किया गया। कुल राशि रू.50,000/- हिंदी पुस्तकों पर व्यय की गई। |
| 5 | सभी अनुभागों/विभागों में किए गए हिंदी पत्राचार सहित सभी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखते हुए गार्ड फाईल तैयार की जानी चाहिए।<br>**- सभी अनुभाग/विभाग** | अधिकांश अनुभागों/विभागों में हिंदी पत्राचार सहित सभी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखते हुए गार्ड फाईल तैयार की गई। |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | राजभाषा नियमों व संस्थान में राजभाषा के कार्यान्वयन की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए हिंदी अनुवादक की नियुक्ति की जाए। **- स्थापना विभाग** | संस्थान में 16 मार्च 2017 को हिंदी अनुवादक की नियुक्ति कर दी गई है। |
| 7 | संस्थान से हिंदी अधिकारी द्वारा कोलकाता परिसर पर राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया जाए। **- हिंदी कक्ष** | हिंदी अधिकारी द्वारा कोलकाता परिसर पर राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया जिसकी रिपोर्ट संलग्न है। |
| 8 | वार्षिक कार्यक्रम 2016-17 के अनुसार 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के लिए क्रमश: 100 प्रतिशत, 100 प्रतिशत और 65 प्रतिशत के लक्ष्यानुरूप ई-मेल सहित सभी मानक पत्रों को अधिकाधिक द्विभाषी रूप में भेजने का प्रयास किया जाए। **- सभी अनुभाग/विभाग** | सभी क्षेत्रों में द्विभाषी पत्राचार में वृद्धि हुई है। |
| 9 | संस्थान में उच्चतर स्तर के अधिकारियों सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हिंदी में कार्य करने की प्रतिशतता बढ़ाई जानी चाहिए। **- सभी अनुभाग/विभाग व समिति सदस्य** | पत्राचार व टिप्पणियों में वृद्धि को देखते हुए उच्चतर स्तर के अधिकारियों सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हिंदी में कार्य की प्रतिशतता बढ़ाई गई है। |
| 10 | सभी प्रकार की विभागीय बैठकों आदि की कार्यसूची/कार्यवृत्त द्विभाषी रूप से जारी किया जाना चाहिए। **- स्थापना विभाग** | सभी प्रकार की विभागीय बैठकों आदि की कार्यसूची/कार्यवृत्त द्विभाषी रूप से जारी किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। |
| 11 | संस्थान द्वारा प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापन एवं प्रचार पर खर्च निर्धारित मानदंड अर्थात 50 प्रतिशत हिंदी विज्ञापनों पर किया जाना चाहिए। **- सभी अनुभाग/विभाग** | इस संबंध में संस्थान के सभी सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। |
| 12 | हिंदी प्रबंधन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु डॉ. नितिन सेठ, सहआचार्य की देख-रेख में एमडीपी विभाग द्वारा अनुदान के लिए डीजीएफटी को पत्र लिखा जाए। **- प्रबंधन विकास कार्यक्रम विभाग** | डॉ. नितिन सेठ, सहआचार्य द्वारा एमडीपी विभाग की ओर से सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है। |

## बैठक की कार्यसूची के प्रस्तावित बिंदु

1. वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 में दर्शाए गए बिंदुओं पर संस्थान के संदर्भ में चर्चा।

2. हिंदी गृह-पत्रिका **'यज्ञ'** अंक-10 वर्ष 2017 का प्रकाशन।

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।**

# भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

## (हिंदी कक्ष)

## 20 अप्रैल 2017 को आयोजित  विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक  20 अप्रैल 2017 को 10.30 बजे (पूर्वाह्न)) निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया :-

| क्र.सं. | समिति सदस्य |
|---|---|
| 1 | श्री ए.के. भल्ला, निदेशक एवं अध्यक्ष, वि.रा.भा.का. समिति |
| 2 | डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, कुलसचिव |
| 3 | श्री गौरव गुलाटी, उप-कुलसचिव |
| 4 | डॉ. नितिन सेठ, सहआचार्य |
| 5 | श्री बिमल कुमार पंडा, सिस्टम मैनेजर |
| 6 | श्री संजय वर्मा, संयुक्त कॉरपोरेट नियोजन सलाहकार |
| 7 | श्री भुवन चन्द्र, वरि. प्रशासनिक अधिकारी |
| 8 | श्री देशराज, प्रशासनिक अधिकारी |
| 9 | श्रीमती दीपा पी.जी. वित्त अधिकारी |
| 10 | श्रीमती नलिनी मेशराम, प्रशासनिक अधिकारी |
| 11 | श्री रामसिंह मीना, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष |
| 12 | श्री बी. प्रसन्नाकुमार, अनुभाग अधिकारी |
| 13 | श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना, अनुभाग अधिकारी |
| 14 | श्रीमती कविता शर्मा, अनुभाग अधिकारी |
| 15 | श्रीमती सुमिता मारवाह, अनुभाग अधिकारी |
| 16 | श्री अनिल कुमार मीना, अनुभाग अधिकारी |
| 17 | श्रीमती ललिता गुप्ता, अनुभाग अधिकारी |
| 18 | श्री प्रदीप खन्ना, अनुभाग अधिकारी |
| 19 | श्रीमती मोहिनी मदान, अनुभाग अधिकारी |
| 20 | सुश्री तनुश्री,  आईपीडी  - प्रतिनिधि |
| 21 | श्री राजेन्द्र प्रसाद, हिंदी अधिकारी – सदस्य सचिव |

## जनवरी-मार्च 2017 तिमाही विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

बैठक के दौरान समिति के निम्न सदस्य अनुपस्थित थे।

| | | |
|---|---|---|
| 3 | डॉ. आर.पी. शर्मा, सहआचार्य | सिस्टम से कनेक्ट न होने के कारण |
| 4 | श्री पिताम्बर बेहेरा, वरिष्ठ वित्त अधिकारी | कार्यालयी दौरे पर – कोलकाता |
| 5 | श्री द्वैपायन आश, अनुभाग अधिकारी | सिस्टम से कनेक्ट न होने के कारण |
| 6 | श्री चिरंजी लाल, अनुभाग अधिकारी | |

अध्यक्ष महोदय से अनुमति लेकर सर्वप्रथम श्री राजेन्द्र प्रसाद, हिंदी अधिकारी ने समिति सदस्यों को बताया कि सभी के लिए एक खुशखबरी है कि हमारे संस्थान को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015-16 के दौरान 'क' क्षेत्र में उत्तम राजभाषा कार्य निष्पादन हेतु तृतीय पुरस्कार के रूप में राजभाषा शील्ड प्राप्त हुई है। यह पुरस्कार निदेशक महोदय के मार्गदर्शन और आप सभी के सहयोग से संभव हो पाया है। आप सभी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। सभी ने इसका करतल ध्वनि से स्वागत किया।

**अनुवर्ती कार्रवाई हेतु बिंदु निम्न प्रकार हैं: -**

1 वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार फाइलों पर 75 प्रतिशत हिंदी टिप्पणियों के लक्ष्य तथा 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में ई-मेल सहित पत्राचार के 100 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किए जाने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

**- सभी अनुभाग/विभाग**

2 सभी विभागों/अनुभागों में नई फाइलों के शीर्षक पूर्ण रूप से द्विभाषी व सभी रजिस्टरों में यथा संभव हिंदी में प्रविष्टियां की जानी चाहिए।

**- सभी अनुभाग/विभाग**

3 तिमाही रिपोर्ट तैयार करने के लिए सभी विभागों से निर्धारित अवधि में अर्थात तिमाही समाप्ति के अगले माह की 10 तारीख तक अद्यतन सूचना इस तिमाही की तरह समय पर प्रस्तुत की जानी चाहिए।

**- सभी अनुभाग/विभाग**

4 सभी अनुभागों/विभागों में किए गए हिंदी पत्राचार सहित सभी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखते हुए आवश्यक रूप से गार्ड फाईल तैयार की जानी चाहिए।

**- सभी अनुभाग/विभाग**

5 संस्थान के हिंदी कक्ष में हिंदी अनुवादक की नियुक्ति कर दी गई है। अध्यक्ष महोदय द्वारा साथ ही कोलकाता सेंटर में भी हिंदी के कार्यान्वयन के लिए हिंदी अनुवादक का पद सृजित करने का निर्देश दिया गया।

**- स्थापना विभाग**

6 संस्थान से हिंदी अधिकारी द्वारा कोलकाता परिसर पर राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए निदेशक महोदय की ओर से पत्र जारी किया जाए।

**- हिंदी कक्ष**

7 संस्थान की गृह-पत्रिका 'यज्ञ' अंक-10, वर्ष 2017 का प्रकाशन किया जाना चाहिए। इस संबंध में निदेशक महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए गए पत्रिका के मसौदे की सराहना की गई।

**- हिंदी कक्ष**

8 संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों द्वारा प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापन एवं प्रचार पर खर्च वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित मानदंड अर्थात 50 प्रतिशत हिंदी विज्ञापनों पर किए जाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**- सभी अनुभाग/विभाग**

**अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।**